क्षेत्रीय विकलांग संयोजित पुनर्वास केन्द(सी0आर0सी0), पटना

(विकलांगजन सशक्तीकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार)
रेड क्रास भवन, नार्थ गांधी मैदान, पटना
ईमेल-crcpatna@rediffmail.com, बेवसाईट–www.crcpatna.com,टेलीफैक्स-0612-2219333

21/XII/2015

प्रेस विज्ञप्ति

आज क्षेत्रीय विकलांग संयोजित पुनर्वास केन्द्र (सी0आर0सी0), पटना द्वारा जो कि विकलांगजन सशक्तीकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एवं राष्ट्रीय अस्थि विकलांग संस्थान, कोलकाता के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन रेड क्रास भवन, नार्थ गांधी मैदान पटना में कार्यरत है ने उत्कर्ष सेवा संस्थान के सहयोग से कंकड़बाग, पटना में स्वलीनता (आटिज्म) विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम का उददघाटन मुख्य अतिथि डॉ अमरदीप कुमार, मनोचिकित्सक, पी.एम.सी.एच., पटना द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया गया। डॉ कुमार ने अपने उद्‌बोधन में आटिज्म पर प्रकाश डाला तथा सम्बन्धित विषय पर अनेकों जानकारी दी।

क्षेत्रीय विकलांग संयोजित पुनर्वास केन्द्र (सी0आर0सी0), पटना के प्रभारी अधिकारी, श्री श्याम सुन्दर मिश्रा ने अपने उद्‌बोधन में सी0आर0सी0, पटना में विकलांगजनों के लिए उपलब्ध सेवाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। विकलांगजनों के लिए सी0आर0सी0, पटना द्वारा किये जा रहे सार्थक प्रयासों के बारे में भी बताया।

उत्कर्ष सेवा संस्थान की निदेशक, डॉ0 मनीषा कृष्णा ने अपने सम्बोधन में आटिज्म बच्चों के लिए संस्थान द्वारा हो रहे प्रयासों के बारे में विस्तार से बताया तथा कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सी0आर0सी0, पटना का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में श्री आशुतोष कुमार सिंह, स्टेट कंसल्टेन्ट, एस0एस0ए0, बिहार ने आटिज्म की मूल प्रकृति और नैदानिक दिशानिर्देश विषय पर अपना प्रजेन्टेशन दिया।

कार्यक्रम में टेक्निकल सत्र का आयोजन किया गया जिसमें विशेषज्ञयों ने कि आटिज्म (स्वालीनता) बच्चों में शिक्षा, दैनिक कियाकलाप कौशल, व्यवहार प्रबन्धन एवं संवेदी एकीकरण के बारे में विस्तार से बताया तथा बच्चों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में समस्याओं का निदान विशेषज्ञ डॉ0 मनीषा कृष्णा, श्री पिन्टू कुमार, श्री मुकेश कुमार एवं डॉ सरिता द्वारा किया गया। विशेषज्ञयों द्वारा दी गयी सलाह पर प्रतिभागियों ने प्रसन्नता व्यक्त की। जागरूकता कार्यक्रम में सी0आर0सी0 पटना के अधिकारी एवं विद्यार्थी तथा लगभग 70 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

श्याम सुन्दर मिश्र

(श्याम सुन्दर मिश्रा)
प्रभारी अधिकारी
सी0आर0सी0, पटना